**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1331**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान

**1331. श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:**
**श्री मितेश पटेल (बकाभाई):**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरएसईटीआई) का ब्यौरा और उद्देश्य क्या हैं;
(ख) देश में कितने आरएसईटीआई कार्य कर रहे हैं; और
(ग) अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए इस योजना के क्या लाभ हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क)** आरएसईटीआई जिला स्तरीय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हैं, जिनका प्रबंधन बैंकों द्वारा किया जाता है और वित्तपोषण ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किया जाता है। आरएसईटीआई 18-45 वर्ष की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण और ऋण सहायता प्रदान करते हैं। आरएसईटीआई ग्रामीण गरीबों के बीच स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ताकि उनकी आजीविका के अवसरों में वृद्धि हो और कठिनाइयों को कम किया जा सके।

**(ख)** वर्तमान में देश के 584 जिलों में 598 आरएसईटीआई कार्यरत हैं।

**(ग)** गरीब ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देकर तथा आवश्यक सहायता प्रदान करके स्वरोजगार उद्यम शुरू करने के लिए प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का नियोजन सुनिश्चित करके अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों जैसे उपेक्षित वर्गों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष (दिनांक 30.06.2024 तक) के दौरान आरएसईटीआई के तहत प्रशिक्षित और नियोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

*(आँकड़े संख्या में)*

| वित्तीय वर्ष | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षित | नियोजित | प्रशिक्षित | नियोजित | प्रशिक्षित | नियोजित |
| 2021-22 | 79077 | 63891 | 44022 | 33053 | 123636 | 103152 |
| 2022-23 | 102650 | 81139 | 58627 | 47486 | 163405 | 130144 |
| 2023-24 | 112132 | 88686 | 67200 | 50616 | 180265 | 140779 |
| 2024-25 (जून, 2024) | 34399 | 14141 | 19619 | 6290 | 58384 | 22526 |

*****